हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 34.1 डिग्री

न्यूनतम 17.1 डिग्री


14 पतझड़ के मौसम के साथ खिलने लगे पलाश के फूल...





16 साथी बाजार का काम शुरू, बनेंगे कोल्ड स्टोरेज दुकानों में ...














## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक समेत अन्य सामान जब्त

**भिलाई।** अपराध नियंत्रण करने को लेकर पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भिलाई नगर जोन अंतर्गत संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया। इस दौरान दीनदयाल कालोनी खम्हरिया, स्मृति नगर क्षेत्र में 290 मकानों की तलाशी ली गई। जहां बाहरी राज्यों जिलों से आकर किराये से निवास कर रहे 25 व्यक्तियों का फिंगर प्रिंट एवं सत्यापन किया गया।

### भाई बहन आए हाइवा की चपेट में, गंभीर चोटें

**सेलूद।** दुर्ग जिले के सेलूद में आत्मानंद विद्यालय सेलूद से छुट्टी होने के बाद घर वापस लौट रहे भाई और बहन को एक तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना बावाकुटी और सेलूद बस्ती के पास बने पुल के पास दोपहर 12 बजे के पास हुई। हादसे में छात्र और छात्रा दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद हाइवा वहां से भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल छात्र का इलाज सेलूद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक छात्र के सिर में चोट आई है उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### उड़नदस्ते ने दी 32 परीक्षा केंद्रों में दबिश, शिक्षा मंत्री ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# बारहवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, पहले दिन एक भी नकलची नहीं मिला ,10वीं का एक्जाम आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हुई। पहले दिन विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का भौतिक शास्त्र और कला संकाय के छात्र- छात्राओं का भूगोल विषय का पेपर हुआ। सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चली परीक्षा में कई केंद्रों में उड़नदस्ता ने दबिश दी। पहले दिन एक दिन नकलची नहीं पकड़ गया। जिले के 135 परीक्षा केंद्रों में 12 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए, हालांकि पंजीयन 13563 परीक्षार्थियों ने कराया था। बोर्ड परीक्षा केंद्रों का जायजा लेने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी पहुंचे।

**दसवीं बोर्ड का हिंदी पेपर आजः** दसवीं बोर्ड का एक्जाम शनिवार से शुरू होगा। पहले दिन हिंदी विषय का पेपर होगा। दूसरा पेपर अंग्रेजी विषय का 24 फरवरी को होगा। परीक्षा में 16857 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### इन केंद्रों में उड़नदस्ते की दबिश

क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकील की टीम बोरई, टेमरी, हिर्री, सहायक संचालक सीमा नायक की टीम सेजस जामगांव आर, सेजस मर्रा,सेजस सेलूद, कन्या सेलूद, कन्या उतई, सेजस उतई, डुंडेरा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्ग विनोद शुक्ला की टीम ने धनोरा, सेजस चंदखुरी, अंडा व मतवारी केंद्रों में दबिश दी। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाटन डीके देवांगन की टीम ने सेजस देवादा, सेजस कन्या पाटन, तर्रीघाट, केसरा, भनसुली, कन्या भिलाई तीन, चरोदा, ज्योति चरोदा, सेजस पुरैना, सेजस सेलूद, झीट व जमराव परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धमधा अथर्व शर्मा की टीम ने सुरडुंग, सेजस नंदिनी खुंदनी, लिमतरा, गोढ़ी और कपसदा परीक्षा केंद्रों में दबिश दी। इन केंद्रों में कोई भी छात्र नकल करते नहीं पाया गया।

### जेआरडी समंवयक केंद्र में उत्तरपुस्तिकाएं स्ट्रांग रूम में कैद

दुर्ग जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की उत्तरपुस्तिकाओं एकत्र करने के लिए समंवयक केंद्र जेआरडी स्कूल को बनाया गया है। इस केंद्र के स्ट्रांग रूम में हजारों उत्तरपुस्तिकाएं रखी गई है। दसवी और बारहवीं दोनों की परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं यहां से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर भेजी जाएगी। इसके पूर्व बोर्ड के पोर्टल में उत्तरपुस्तिकाओं में अंकित कोड के हिसाब से जानकारी अपलोड की जा रही है। उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए तीन शिफ्टों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गई है।

### शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने केंद्रों में पहुंचकर पेयजल और स्वच्छता की ली जानकारी



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा का शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग स्थित शासकीय कन्या शाला परीक्षा केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मंत्री यादव ने परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों के लिए बैठने की समुचित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शौचालय सुविधा, सुरक्षा प्रबंध तथा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण का बारीकी से जायजा लिया। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी परीक्षार्थियों को बिना किसी असुविधा के सहज वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हो। बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने, समय का सदुपयोग करने और सकारात्मक सोच बनाए रखने का आग्रह किया। इस दौरान बोर्ड की सचिव पुष्पा साहू भी मौजूद रही।

## ग्रे और ब्लैक स्पॉट नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 52 चालकों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- इंटरसेप्टर वाहन, स्पीड गन, कैमरा उपकरण से की गई निगरानी

नेहरूनगर से टाटीबंध तक फोरलेन पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है।

शुक्रवार को फोरलेन हाईवे के ग्रे और ब्लैक स्पॉट पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। नियम तोड़ने वाले 52 लोगों पर कार्रवाई की गई। कई मामलों में ई-चालान भेजा गया। पुलिस ने तेज रफ्तार, रैश ड्राइविंग, ई-चालान प्रणाली के तहत कार्रवाई की। नेशनल हाईवे-53 पर चिन्हित ग्रे एवं ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से स्पीड गन, कैमरा उपकरण द्वारा वाहनों की गति की निगरानी की गई। गति सीमा से अधिक गति पाए जाने पर वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी के निर्देशन पर इंटरसेप्टर टीम के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सतत निगरानी, प्रभावी प्रवर्तन कार्य किया गया। दुर्ग पुलिस की अपील है कि आम नागरिक वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें, रैश ड्राइविंग से बचें।

### दुर्ग में ट्रैफिक सिस्टम बेहाल, ऑटो और ई-रिक्शा बने मुसीबत



दुर्ग में ट्रैफिक सिस्टम बेहाल हो गया है। ट्रैफिक जाम में फंसकर पब्लिक रोज परेशान हो रही है। इधर पुलिस पूरे दिन सिर्फ चालानी कार्रवाई और हेलमेट अभियान में लगी हुई है। इस वजह से लोगों में नाराजगी भी सामने आ रही है। शहर के बस स्टैंड, पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, शहीद चौक, स्टेशन के सामने ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है। ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा इसका बड़ा कारण है। जीई रोड पर बेतरतीब बसों के खड़े होने की वजह से भी परेशानी बढ़ी हुई है।

### शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** जमीन रजिस्ट्री के कीमतों में बढ़ोत्तरी को लेकर पटेल चौक, बीएसएनएल ऑफिस के सामने कुछ लोगों ने दरों के विरोध में बिना पूर्व अनुमति के मार्ग जाम कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया था। इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ विवाद भी किया था। घटना में प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, आरक्षक तुषार सलामे, आरक्षक अजय साहू, आरक्षक हिमांशु जंघेल को चोटें आई थीं। विवेचना में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरार आरोपी सरस्वती नगर दुर्ग निवासी प्रदीप सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पूर्व में पुलिस ने अनिल वासनिक, विक्की चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, जितेन्द्र बत्रा, मनोज राजपूत, शुभम सिंह राजपूत, गीतेश कुमार ठाकुर, यशवंत सिंह राजपूत,ओम प्रकाश कोटवानी को पकड़ा गया था।

## बेसमेंट में ऑक्सीजन प्लांट और मैनीफोल्ड रूम बनाने को लेकर स्पर्श हॉस्पिटल के खिलाफ होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ने कलेक्टर और एसपी को लिखा पत्र

भिलाई में रामनगर सुपेला स्थित स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को बेसमेंट में ऑक्सीजन प्लांट और मैनीफोल्ड रूम बनाना महंगा साबित हो सकता है। इसको लेकर पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन ने आपत्ति दर्ज की है। रायपुर के उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक विजया बारदेव ने दुर्ग कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखकर मामले की जांच करने को कहा है। पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा है कि गुरमीत वाधवा नाम के एक व्यक्ति ने नई दिल्ली से मेल के जरिए उन्हें शिकायत की है कि स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन के द्वारा कोई लाइसेंस नहीं जारी किया गाय। इसके बाद भी वो अपने बेसमेंट में ऑक्सीजन प्लांट और मैनीफोल्ड रूम संचालित कर रहे हैं। यह एसएमपीवी (यू) नियम 2016 की विभिन्न धाराओं, विशेष रूप से नियम 3, 45, 46, 47, 49, 50, 51 और 22 के तहत टेबल-6 तथा लाइसेंस फॉर्म एलएस-1ए की शर्तों का उल्लंघन है। इस पत्र के बाद पीईएसओ ने दुर्ग कलेक्टर और एसपी को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। अब अस्पताल प्रबंधन से जिला प्रशासन दस्तावेज, लाइसेंस लेकर मौके की स्थिति की जांच करेगा। इस मामले को लेकर जब स्पर्श के डायरेक्टर डॉ. संजय गोयल से बात की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### मामले की होगी पुख्ता जांच

एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि उन्हें पीईएसओ से पत्र मिला है। वो जल्द ही जांच के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों की टीम बनाकर मामले की जांच करवाएंगे। एसएसपी ने कहा कि मामला गंभीर है। कोई भी संस्थान इस तरह बेसमेंट में गैस प्लांट और मैनीफओल्ड रूम संचालित नहीं कर सकता है। बेसमेंट मुख्य रूप से पार्किंग के लिए बनाया जाता है। दूसरा इससे आग लगने और उससे कितनी बड़ी दुर्घटना हो सकती है इसकी भी जांच की जाएगी।






### पुलिस ने 9.292 किलो गांजा किया जब्त

# गांजा और नशीली दवा के साथ 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



गांजा व नशीली दवाओं के साथ पुलिस ने पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से गांजा, नशीली दवा समेत कार, मोबाइल को जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ड्रीम सिटी के एक मकान में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने सरगीगुड़ा, थाना टिटलागढ़, जिला बलांगीर उड़ीसा निवासी अब्दुल लतीफ, अब्दुल आकीफ, जोन 2 खुर्सीपार प्रिंस कुमार, जितेन्द्र सिंह, एकता नगर खुर्सीपार बाबू अली को पकड़ा गया है।

आरोपियों के पास से पुलिस ने गांजा 9.292 किलोग्राम करीब 1.20 लाख रुपए, नशीली दवा 1050 नग कैप्सूल 4.20 लाख, 6 मोबाइल फोन, नगद 2.44 लाख, कार व एक बाइक को जब्त किया गया। उक्त सामानों की कीमत 12. 43 लाख रुपए आंकी गई है। कार्राई में भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### इंजीनियरिंग पार्क से 95 हजार का गांजा मिला



पुलिस ने बताया कि इंजीनियरिंग पार्क रोड पर गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दिया। जहां से दो युवक खुर्सीपार निवासी हरिशंकर यादव उर्फ जुगनू, रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पुलिस ने 1.90 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 95 हजार रुपए आंकी गई है।







# महिला उद्यमियों ने सीखे उत्पादों की ब्रांडिंग व मार्केट डेवलपमेंट के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जिले में महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों की बिक्री एवं ब्रांडिंग को सुदृढ़ करने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में 36 महिला उद्यमियों हेतु मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं महिला संचालित बाजार विकास सहायता योजनाओं, प्रदर्शिनी/मेले में भागीदारी, ब्रांडिंग, पैकेजिंग सुधार एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय विस्तार हेतु सक्षम बनाना है। महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस जैसे हस्तक्षेप महिला उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायता प्रदान करते हैं। कार्यशाला के दौरान महिला उद्यमियों हेतु उपलब्ध मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजनाएँ, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शिनी/मेले में भागीदारी की प्रक्रिया, उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग सुधार, गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकीकरण का महत्व, बी 2 बी एवं बी 2 सी मार्केट लिंकज के अवसर, ई-कॉमर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री विस्तार, सरकारी सहायता एवं अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया सम्मिलित है। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रोहित शर्मा, वासुदेव वर्मा एवं जिला कांडिनेटर शशांक सोनी सहित मिशन मैनेजर एकता शर्मा उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण व स्वच्छता संदेश देने आयोजन कल



भिलाई। संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान का चौथे चरण का शुभारंभ 22 फरवरी रविवार को पूरे भारत में प्रारम्भ किया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई में यह अभियान सुबह 7 बजे से सेक्टर 8 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के पास प्रारम्भ किया जाएगा। इस अभियान के तहत नहर व नहर के आसपास सफाई की जाएगी। ब्रांच संयोजक सतपाल सिंह सैनी ने बताया कि यह अभियान देश भर में 1500 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से मानव जगत को जल संरक्षण व स्वच्छता संदेश देना है। उन्होंने बताया कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया गया था।

# बीएड कोर्स और नेटवर्किंग मार्केटिंग करने के मामले में दो शिक्षक सस्पेंड

**भिलाई** । छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने बिना अनुमति नियमित बीएड कोर्स करने पर एक शिक्षिका और नेटवर्क मार्केटिंग में शामिल एक प्रधान पाठक को भी निलंबित किया है। ये कार्रवाई विभागीय जांच के बाद की गई है। नियमित बीएड कोर्स करने के मामले में दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दारगांव में एलबी के पद पर पदस्थ शिक्षिका त्रिवेणी सस्पेंड किया गया।

■ नेटवर्क मार्केटिंग वाली शिक्षिका सस्पेंड

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक विभागीय जांच में पाया गया कि सत्र 2014-15 के दौरान वे स्कूल में नियमित उपस्थिति दर्ज कराते हुए उसी समय भिलाई नायर समाजम कॉलेज सेक्टर 8 भिलाई से नियमित बीएड पाठ्यक्रम भी कर रही थीं और उस परीक्षा को पास भी किया। शासकीय सेवा में रहते हुए बिना अनुमति नियमित कॉलेज पाठ्यक्रम करना विभागीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन माना जाता है।

शिक्षिका ने नोटिस के जवाब में यह तथ्य स्वीकार किया। इसके बाद उन्हें निलंबित किया गया। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय देवकर, जिला बेमेतरा निर्धारित किया गया है। इसी तरह विभागीय जांच में पाया गया कि धमधा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोरपा की प्रधान पाठक कल्पना सेन नौकरी करते हुए हर्बल लाइफ कंपनी की नेटवर्क मार्केटिंग गतिविधियों में शामिल रहीं। इस कारण उन्हें सस्पेंड किया गया।

# Market Watch

## बदलती जीवनशैली के साथ कदम मिलाता भिलाई-दुर्ग मार्केट

औद्योगिक पहचान के साथ तेजी से विकसित हो रहा भिलाई–दुर्ग अब केवल उत्पादन और रोजगार का केंद्र नहीं, बल्कि बदलती जीवनशैली का भी प्रतीक बन चुका है। यहां का बाजार पारंपरिक व्यापार से आगे बढ़कर फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थकेयर और खेल गतिविधियों तक फैल चुका है। बढ़ती क्रय शक्ति, शहरी विस्तार और आधुनिक सोच ने इस क्षेत्र को एक बहुआयामी रिटेल हब में बदल दिया है, जहां हर वर्ग के लिए सुविधा, विकल्प और भरोसे का संतुलन दिखाई देता है।











### व्यापार, स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों का उभरता केंद्र

औद्योगिक नगरी के रूप में पहचाना जाने वाला भिलाई–दुर्ग अब बहुआयामी विकास का उदाहरण बनता जा रहा है। यहां का बाजार केवल खरीदारी का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनशैली, स्वास्थ्य सेवाओं और खेल गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थ सेक्टर और स्पोर्ट्स कारोबार मिलकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं।

### फर्नीचर सेक्टर: आधुनिक घरों की बढ़ती जरूरत

भिलाई और दुर्ग में तेजी से विकसित हो रहे आवासीय प्रोजेक्ट्स ने फर्नीचर बाजार को मजबूती दी है। मॉड्यूलर किचन, ऑफिस फर्नीचर, कस्टमाइज्ड इंटीरियर और डेकोरेटिव आइटम्स की मांग लगातार बढ़ रही है। स्थानीय शोरूम बजट से लेकर प्रीमियम तक की रेंज उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे ग्राहकों को विविध विकल्प मिलते हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार: तकनीक से जुड़ता शहर

स्मार्ट टीवी, होम अप्लायंसेस, मोबाइल गैजेट्स और किचन उपकरणों की बिक्री में निरंतर वृद्धि हो रही है। डिजिटल भुगतान, ईएमआई सुविधा और त्योहारों पर विशेष ऑफर ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। नई तकनीक को अपनाने में युवा वर्ग की भागीदारी इस सेक्टर को और गति दे रही है।

### हेल्थ सेक्टर: स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ सेवाएं

भिलाई–दुर्ग में निजी अस्पतालों, डायग्नोस्टिक सेंटर और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया है। हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक, स्त्री रोग और बाल रोग विशेषज्ञों की सेवाएं यहीं उपलब्ध होने से लोगों को बड़े शहरों की ओर कम जाना पड़ता है। आधुनिक चिकित्सा उपकरण और बेहतर सुविधाएं इस क्षेत्र को मेडिकल हब के रूप में स्थापित कर रही हैं।

### खेल गतिविधियां: फिटनेस और युवाओं की प्राथमिकता

शहर में खेल सामग्री की दुकानों, जिम, फिटनेस सेंटर और स्पोर्ट्स अकादमियों की संख्या बढ़ रही है। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन और जिम फिटनेस से जुड़ी सामग्री की मांग में निरंतर इजाफा देखा जा रहा है। स्कूल और कॉलेज स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएं भी खेल बाजार को प्रोत्साहित करती हैं। खेल को बढ़ावा मिलने से युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इससे संबंधित व्यापार को भी मजबूती मिल रही है।

### त्योहार और सीजनल रौनक

त्योहारों और विवाह सीजन के दौरान फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में उल्लेखनीय उछाल आता है, वहीं गर्मियों और सर्दियों में खेल व फिटनेस सामग्री की मांग अलग–अलग रूप में बढ़ती है।

### भविष्य की संभावनाएं

औद्योगिक विकास, बढ़ती आय और बदलती जीवनशैली के चलते भिलाई–दुर्ग का बाजार आने वाले वर्षों में और विस्तृत होगा। व्यापार, स्वास्थ्य और खेल–तीनों क्षेत्रों का संतुलित विकास इस क्षेत्र को छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरी व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

भिलाई–दुर्ग मार्केट आज केवल खरीदारी का स्थान नहीं, बल्कि आधुनिक जीवनशैली का प्रतिबिंब बन चुका है। यहां व्यापार, स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों का संगम शहर की समृद्धि और सक्रियता को दर्शाता है।







## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन 24 से

**धमधा।** ग्राम बरहापुर में स्व. लेबराम वर्मा एवं स्व. कालिंदी बाई वर्मा की पुण्य स्मृति में 24 फरवरी से 28 फरवरी तक दिव्य संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन ग्राम बरहापुर (धमधा) में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि 24 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। 24 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन रामकथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कथा स्थल बरहापुर चौक से धमधा रोड की ओर लगभग 500 मीटर की दूरी पर उत्तर दिशा में स्थित है। कार्यक्रम के कलश यात्रा 24 फरवरी को सुबह 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक श्री शिवकुमार वर्मा–सुमित्रा वर्मा, श्री देवेंद्र वर्मा–दुर्गा वर्मा तथा खिलावन वर्मा–किरण वर्मा हैं। वहीं हिंछा राम वर्मा–चंपा वर्मा, विश्राम पटेल–उर्मिला पटेल एवं बलराम वर्मा–जमुना वर्मा सहित समस्त वर्मा परिवार एवं क्षेत्रवासी इस आयोजन में सहयोग कर रहे हैं।



## निधन

### मनाराम यादव

**जामुल।** नगर पालिका जामुल के पूर्व कर्मचारी मना राम यादव (62) का निधन शुक्रवार सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार वार्ड क्रमांक -1 स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्वती यादव के पति एवं कैलाश यादव, सुरेंद्र यादव व लक्ष्मी यादव के पिता थे।



### चक्रपाढी बेहरा

**भिलाई।** शिवाजी नगर चंद्रमा चौक खुर्सीपार निवासी चक्रपाढी बेहरा 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे उत्तम, संगीता, गीता, भाजपा नेता हेमंत बेहरा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। अभा उड़िया समाज शोक व्यक्त करता है।



# रासेयो के स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य के साथ किया योग व ध्यान

## भानपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भानपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों के लिए हार्टफुलनेस के अंतर्गत ध्यान एवं पुनरोद्धार सत्र आयोजित किया गया, जिससे सभी स्वयंसेवकों को मानसिक शांति एवं नई ऊर्जा प्राप्त हुई।

परियोजना कार्य (श्रमदान) के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नालियों की सफाई तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में नशा मुक्ति विषय पर



सर्वेक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति रैली भी निकाली गई। इस रैली के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

दोपहर में स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया गया, जिससे टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर ई.ई.ई. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुप मिश्रा एवं उनके संकाय सदस्यों ने शिविर का भ्रमण किया। साथ ही एम.बी.ए. विभाग के प्राध्यापकों ने भी शिविर का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग की डॉ. श्वेता खरैया एवं मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग की डॉ. विनीता गुप्ता ने बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विशेष सत्र लिया, जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी आदतों तथा जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी एवं अभिजीत लाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर को संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसके जायसवाल तथा प्रबंधन का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है।

संध्या समय खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे स्वयंसेवकों और बच्चों के बीच आपसी सहयोग और उत्साह बढ़ा। रात्रि में स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया गया, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस प्रकार शिविर का चौथा दिन सेवा, जागरूकता, शिक्षा और सहयोग की भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अंडा थाने में महिला कमांडो का सिविल डिफेंस प्रशिक्षण एवं प्रेरणा सम्मेलन आयोजित

# गांवों में महिलाएं नशा मुक्ति, सुरक्षा और सामाजिक जागरुकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं : शमशाद

## 'सशक्त नारी-सशक्त छत्तीसगढ़' और 'नशा मुक्त समाज-सुरक्षित समाज' का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा






वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को अंडा थाना परिसर में महिला कमांडो के लिए सिविल डिफेंस प्रशिक्षण एवं प्रेरणा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणीशंकर चंद्रा के नेतृत्व तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनुप लकड़ा पाटन एवं डॉ. चित्रा वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस प्रेरक आयोजन में दुर्ग जिले सहित लगभग 40 गांवों की महिला कमांडो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। थाना अंडा, थाना पुलगांव, चौकी अंजोरा, नगपुरा, जेवरा सिरसा, थाना बोरी और चौकी लिटिया-सेमरिया क्षेत्र की करीब 500 महिला कमांडो की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा तथा नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक करना था। उपस्थित महिला कमांडो को पद्मश्री शमशाद बेगम सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला कमांडो की संस्थापिका तथा रसीद खान सचिव, महिला कमांडो ने संगठन के उद्देश्य, कार्यशैली और समाज में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने गांवों में नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और सामाजिक जागरुकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला सेनानी नागेंद्र सिंह एवं एसडीआरएफ की टीम ने महिला कमांडो को प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप और आगजनी की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी। टीम द्वारा आपदा के समय सतर्कता, प्राथमिक उपचार और बचाव के प्रभावी तरीकों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत हुई।

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं नशा मुक्ति को लेकर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जब महिलाएं संगठित होकर आगे बढ़ती हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित होता है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब आत्मविश्वास के साथ सामाजिक कुरीतियों और नशे के खिलाफ अभियान चलाने के लिए तैयार हैं।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी महिला कमांडो ने सामूहिक रूप से 'सशक्त नारी-सशक्त छत्तीसगढ़ तथा 'नशा मुक्त समाज-सुरक्षित समाज' का संकल्प लिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरुकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।

## अंचल की खबरें

### आंगनबाड़ी में मनाया वजन त्यौहार



**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं का वजन एवं ऊंचाई का माप लिया गया। वजन त्यौहार के दौरान प्राप्त मापदंडों के आधार पर कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की पहचान की गई। चिन्हांकित हितग्राहियों को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं उचित देखरेख के संबंध में आवश्यक सलाह दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा कुपोषण की समस्या को कम करना है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उप सरपंच डॉ. तुला राम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, मितानिन ललिता चौधरी, पंचगण चमेली निषाद, शारदा पटेल, गुंजा साहू, पंकज पटेल, राजेश देवांगन सहित ग्रामीणजन रामहीन पटेल, कमला, भुनेश्वरी, ऋषि, मालती, मीना शर्मा, तिलेश्वरी, गणेशी एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली तथा सभी ने बच्चों और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने का संकल्प लिया।

### धमधा तहसील फिर विवादों में, लोग परेशान

**धमधा।** धमधा तहसील एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि त्रुटि सुधार और अन्य राजस्व प्रकरणों में अनावश्यक देरी, बार-बार पेशी और कार्यालय स्तर पर कथित लेन-देन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी तहसील की कार्यप्रणाली को लेकर कई बार आरोप लगे थे। कुछ मामलों में शिकायतकर्ताओं ने दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर अनियमितताओं को उजागर करने का दावा भी किया था। बावजूद इसके, व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। वर्तमान में भी कई त्रुटि सुधार प्रकरण ऐसे बताए जा रहे हैं, जिनमें पटवारी प्रतिवेदन और जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल पर मामले लंबित दिख रहे हैं। आवेदकों का आरोप है कि पेशी दर पेशी तारीख दी जाती है, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे खासकर किसानों और मजदूर वर्ग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कुछ नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि फाइल आगे बढ़ाने या डेटा अपडेट करने के नाम पर अनौपचारिक रूप से पैसे की मांग की जाती है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रशासन की ओर से भी इस संबंध में स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

लगातार उठ रहे सवालों के बीच अब क्षेत्रवासियों की मांग है कि उच्च स्तर से जांच कराई जाए, लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण हो और तहसील की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो तहसील की छवि पर और असर पड़ सकता है। अब निगाहें जिम्मेदार अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हैं।

### अटल डिजिटल सेवा केन्द्र का शुभारम्भ



**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत चुनकट्टा में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच रोशनी सोनु राय ने किया। इस अवसर पर उपसरपंच अजय सिंह राजपूत, छत्रपाल सिंह राजपूत, रीना मानिकपुरी, पंचायत सचिव युगल किशोर ठाकुर, भागवत यदु सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तिरगा में मनाई शिवाजी महाराज जयंती



**अंडा।** ग्राम तिरगा में दिल्लीवार कुर्मी समाज एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा वीर शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शिवाजी महाराज की स्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा उनके आदर्शों को नमन किया गया। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं ग्राम प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के साहस, राष्ट्रभक्ति और सुशासन की नीति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन जयघोष एवं देशभक्ति नारों के साथ हुआ। कार्यक्रम में विजय बेलचंदन केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, दधिश देशमुख सर्किल युवा अध्यक्ष, गैंदलाल देशमुख ग्राम प्रधान, रामसाय बेलचंदन उप प्रधान, शिवाजी स्मारक अध्यक्ष युवराज देशमुख, पीतांबर देशमुख, अघनू देशमुख, वीरेन बेलचंदन, मुन्ना देशमुख, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, शिव प्रसाद देशमुख, हीरालाल दिल्लीवार, अजय देशमुख, सुशील देशमुख, नंदकुमार देशमुख, गोपी देशमुख, सुरेश देशमुख, बिहऊराम देशमुख, सुदर्शन निषाद, धनेश यादव, दौवा देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

भारतीय जनता पार्टी के जिला भिलाई के प्रभारी रामजी भारती और जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व बैठक की गई। इसमें बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक सशक्तिकरण और कार्यकर्ताओं के वैचारिक व कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

रामजी भारती ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियान की प्रभावी रणनीति से अवगत कराना है। शिविर में वरिष्ठ पदाधिकारी और अनुभवी वक्ता विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। शिविर के प्रमुख विषयों में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण,



केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा शामिल रहेगी।

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हृदय रोग से पीड़ित छात्रा का सफल उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

■ प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग का प्रयास रंग लाया

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला करेली में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं की छात्रा जीतेश्वरी साहू के हृदय संबंधी रोग का सफल उपचार कराया गया।

विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय दल ने छात्रा के हृदय में समस्या की आशंका व्यक्त की। तत्पश्चात उसे जिला चिकित्सालय दुर्ग के बाल रोग



निदान केंद्र में विस्तृत जांच हेतु भेजा गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने उच्च स्तरीय उपचार की आवश्यकता बताते हुए उसे सत्य साईं हॉस्पिटल, नया रायपुर रेफर किया।

नया रायपुर स्थित अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक हृदय का उपचार किया। उपचार के बाद छात्रा को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में जीतेश्वरी पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट आई है और नियमित रूप से विद्यालय जाकर पढ़ाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस उपचार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, विद्यालय के प्रधानपाठक एवं शिक्षकों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। छात्रा के परिजनों ने शासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बिजनेस साइट

### औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए दिए इंटरव्यू



**भिलाई।** फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया गया। इसमें फायर और सेफ्टी के प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने अपना इंटरव्यू दिया। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी और निर्देशक मनोज ठाकरे ने बताया कि उनकी संस्था में अग्निशमन और औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है। सिस्कोल स्टील इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी लिमिटेड में सीनियर एचआर अतुल सिन्हा और सहयोगी टीम द्वारा सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। उन्होंने संस्था द्वारा दिए गए सही प्रशिक्षण की सराहना की और कहा कि संस्था में भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर अनुभवी व्यक्ति द्वारा दिया प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को काफी हुनरमंद कर रहा है।

### मैत्री कॉलेज में कैंपस ड्राईव का आयोजन आज

**भिलाई।** मैत्री कॉलेज रिसाली सेक्टर द्वारा 21 फरवरी को मेगा कैंपस ड्राईव का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष चयन अभियान कॉलेज परिसर में आयोजित होगा, जो विशेष रूप से शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए है। इस चयन अभियान में भिलाई, दुर्ग और प्रदेश के अनेक पायनियर व प्रतिष्ठित विद्यालय भाग लेंगे। ये अग्रणी शिक्षण संस्थान अपने-अपने विद्यालयों के लिए योग्य और प्रतिभाशाली शिक्षकों का चयन सीधे कैंपस से ही करेंगे। बीएड, डीएलएड तथा एमएड के छात्र-छात्राओं के लिए यह कार्यक्रम विशेष रूप से लाभदायक सिद्ध होगा, क्योंकि उन्हें एक ही मंच पर विभिन्न नामी स्कूलों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद और चयन का अवसर प्राप्त होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 21 फरवरी को सुबह 90 बजे से 11 बजे तक कॉलेज परिसर में ऑन-द-स्पॉट पंजीयन करा सकते हैं।

### 12 वी बोर्ड परीक्षा व सशिमं जामगांव आर में पूर्व प्राथमिक वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**जामगांव आर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा शुक्रवार को हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 की परीक्षा शुरू हुई। जिसमें सेजस जामगांव आर परीक्षा केंद्र क्रमांक - 141119 में विषय-भूगोल/ भौतिक शास्त्र की अपेक्षित - 122 विधार्थियो में से उपस्थित-120 विधार्थियो ने परीक्षा दिए। भूगोल और भौतिक विज्ञान के 1-1 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्र सेजस जामगांव आर केंद्र क्रमांक - 141119में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भरर, सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा .माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर तथा सेजस जामगांव आर के परीक्षार्थी शामिल हुए ।

**सरस्वती शिशु मंदिर में अरुण उदय की परीक्षा प्रारंभः** वहीं दूसरी ओर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने पूर्व प्राथमिक कक्षा अरुण एवं उदय की वार्षिक परीक्षा शुक्रवार से प्रारंभ की।

### पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में सांस्कृतिक गतिविधि का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पीएम श्री योजना के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शाला के सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत संदेशप्रद प्रहसन, देशभक्ति एवं लोकनृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें मिट्टी की कलाकृतियां, चित्रकारी, थाली सजावट एवं दिया सजावट विशेष रूप से सराहनीय रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गुंडरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर थे। उनके साथ सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देशलहरे, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, प्रहलाद चंद्राकर आदि मौजूद थे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

## लाइव इवेंट

### विषय शिक्षण के साथ हस्तकला को जोड़ना होगा उचित : राम कुमार



**दुर्ग।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्कूलों में पाठ्यक्रम एवं निर्धारित विषय शिक्षण के साथ स्थानीय कलाओं, हस्तकलाओं, लोक कलाओं, व्यावसायिक कार्यों एवं भारतीय ज्ञान परंपराओं को जोड़ने की दृष्टि से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अछोटी द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं शैक्षणिक परिषद शंकर नगर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी व मिशन समन्वयक दुर्ग व विकासखंड शहरों स्रोत केंद्र दुर्ग नेमसिंह साहू के संयोजन में यह कार्यक्रम हुआ। आयोजन मालवीय नगर दुर्ग स्रोत केंद्र में किया गया। प्रशिक्षण के चौथे दिवस के अकादमी सत्र में प्रेरणा, प्रतिवेदन के बाद समूहवार शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अपने पाठ का प्रदर्शन प्रभावी ढंग से स्थानीय कलाओं, कबाड़ से जुगाड़ की सामग्रियों और व्यावसायिक कलाओं के साथ जोड़ते हुए प्रदर्शित किया गया। इसी तरह से बच्चों के मध्य शिक्षण करने की प्रेरणा दी गई। इसी कड़ी में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, जनजाति शोधार्थी एवं लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने अपने संग्रहालय की सामग्रियों और व्यावसायिक शिक्षा के विविध आयामों को विषयों तथा पाठ सामग्री के साथ जोड़ने की कलाओं पर विस्तार से रंगीन साइडों द्वारा चर्चा की। साथ में बच्चों को हर हालत में सृजनशील बनाने तथा उनकी मौलिक अभिवृत्तियों, अभिरुचियों एवं हस्तकौशलों को बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर प्लास्टर ऑफ पेरिस से सुंदर सजावटी सामग्री बनाने का प्रायोगिक अभ्यास भी उपस्थित शिक्षकों को कराया गया। इस मौके पर समन्वय नेम सिंह साहू, अनिता वर्मा, विभा गुप्ता, सरस्वती देवांगन, विभु दुबे, ईश्वर लाल चंद्राकर, शशि कला पांडेय उपस्थित थे।

## लाइव इवेंट

### एग्जाम केवल ज्ञान और परिश्रम नहीं, बल्कि संयम और आत्म विश्वास का भी



**दुर्ग।** सीजी बोर्ड और सीबीएसई की 10वीं, 12वीं परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। इसे लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान और परिश्रम की परख ही नहीं, बल्कि संयम और आत्मविश्वास की भी परीक्षा होती है। चंद्रकार ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे तनावमुक्त और सकारात्मक मानसिकता के साथ परीक्षा दें, क्योंकि आत्मविश्वास और सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और पर्याप्त विश्राम परीक्षा की तैयारी में उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने कि पढ़ाई के घंटे। माता-पिता और शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रेरित करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाना आवश्यक है कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, न कि मंज़िल। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और धैर्यपूर्वक निरंतर प्रयास से जीवन में बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आप सभी बिना भय के पूरी लगन, पूर्ण आत्मविश्वास और मनोयोग से परीक्षा दें। निश्चित रूप से आप लोगों को सफलता हासिल होगी।

## लाइव इवेंट

### सतनामी समाज ने योग्य सामाजिक व्यक्ति को राज्यसभा में उम्मीदवारी



**भिलाई।** सतनामी समाज के योग्य व्यक्ति को राज्यसभा की उम्मीदवारी की मांग की गई है। गुरु घासीदास सेवा समिति के अध्यक्ष बीएल कुर्रे सहित पदाधिकारी ने बैठक में इस मांग को उठाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से सतनामी समाज के जनसंख्या को देखते हुए समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी भी योग्य व्यक्ति को राज्यसभा में भेजना उचित होगा। पूर्व में भी सतनामी समाज को ध्यान में रखते हुए समाज हित में सतनामी समाज से राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन से मांग है सतनामी समाज को प्रतिनिधित्व मिले। इसके लिए समाज से योग्य व्यक्ति को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाए जाए। भरत लाल कुर्रे ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत को पत्र लिखकर सतनामी समाज के प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई है।

---

● चंद्र ग्रहण के कारण इस बार 2 मार्च को जलेगी होली, 4 मार्च को मनेगा रंगोत्सव

# पतझड़ के मौसम के साथ खिलने लगे पलाश के फूल, होली आगमन का दे रहे संदेश, सांकरा में तैयार हो रहे हर्बल रंग-गुलाल

जाती ठंड और आती गर्मी के आहट के साथ पतझड़ का मौसम आ गया है। हरे-भरे पेड़ों से पत्ते सूखकर गिरने लगे हैं। इसके साथ ही भिलाई-दुर्ग में पलाश के फूल आकर्षित कर रहे हैं। साथ ही यह संदेश दे रहे हैं कि होली आने वाली है। रंग-गुलाल उड़ाने के लिए विशेष रूप से युवा, बच्चे और महिलाएं तैयार हो जाएं। इस बार होली के दिन चंद्र ग्रहण का साया है। इसकी वजह से 2 मार्च को जहां होलिका दहन होना है, वहीं अगले दिन रंग खेलने के बाद 4 मार्च को अबीर उड़ेंगे। इधर मौसम में खेलते हुए गुलाबी रंग के पलाश के फूल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगे हैं। सुबह और शाम के समय इन फूलों में पंछियों की चहचहाहट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। हल्की खुशबू होली के आगमन का अहसास करा रहे हैं। साथ ही इन फूलों से रंग और गुलाल तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।



**भिलाई।** बता दें कि बसंत के आगमन के साथ ही सभी पेड़ों के पत्ते गिरने लगते हैं, वहीं दूसरी ओर पलाश के पेड़ पर केसरिया रंग के फूल खिलने लगते हैं। वैसे तो ग्रामीण क्षेत्र सहित कई स्थानों पर यह नजारा देखा जा सकता है। लेकिन टाउनशिप में पलाश, परसा, ढाक, टेसू, किंशुक, केसू, सुपर्णा, ब्रह्मवृक्ष नाम से पहचाने जाना वाला यह फूल आच्छादित हो रहा है।

दिन में तेज धूप खिलने से मौसम में फाल्गुन की बहार आने लगी है। शहर के आसपास पलाश के पेड़ों पर खिलने वाले फूल भी इसका संदेश देने लगे है। पलाश के पेड़ों पर खिल रहे फूलों से होलिका पर्व के आने की शुरुआत हो गई है। पलाश के पेड़ों में फूलों के आने के साथ ही फागोत्सव की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इस बार दुर्ग के महेश कॉलोनी, भिलाई के हाउसिंग बोर्ड, राधा-कृष्ण मंदिर सेक्टर-6 सहित अन्य देवालयों में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। फाल्गुन के आगमन के साथ ही वातावरण में तेज धूप के साथ हल्की ठंडक रहती है। पलाश के फूलों का खिलना ऋतु परिवर्तन का संकेत माना जाता है। किसान और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह मौसम के बदलते मिजाज का स्वाभाविक संदेशवाहक है। पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह है। 2 मार्च को होलिका दहन पर भद्रा का साया है, लेकिन होलिका इस दिन हो सकती है। इसी दिन फाल्गुन पूर्णिमा है। पूर्णिमा शाम 05:32 बजे से शुरू होकर शाम 04:46 बजे तक है। 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण है। इसके चलते इस दिन होली मनाना शास्त्रों के अनुसार ठीक नहीं है। ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा। इस दौरान शुभ कार्य नहीं किए जाते। इसलिए होली 4 मार्च को मनाई जाएगी।

## पलाश के फूलों से तैयार किए जा रहे रंग और गुलाल

प्राचीन काल में पलाश के फूलों से होली का रंग बनाया जाता था। यह रंग त्वचा के लिए पूरी तरह सुरक्षित होता है। इसे सौंदर्य वर्धक भी माना जाता है। औषधीय महत्व और हर्बल रंगों के लिए उपयोगी इन पेड़ों के संरक्षण के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। संरक्षण और प्रचार के अभाव में लोगों को इसके उपयोग और लाभों की जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। मां बम्लेश्वरी समूह की महिलाएं इस काम में जुटी हैं। अजीविका मिशन और रीपा के अंतर्गत महिलाओं को रंग गुलाल बनाने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। महिलाओं की मानें तो पलाश के फूल औषधीय गुणों से भरपूर हैं।



### महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण, सालाना टर्नओवर 50 लाख का

पाटन के ग्राम सांकरा डोम में इन दिनों हर्बल रंग और गुलाल तैयार किए जा रहे हैं। कुमकुम महिला स्वसहायता समूह की 250 से ज्यादा महिलाएं इसमें काम कर रही हैं। रंग-गुलाल के अलावा अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। मुख्य रूप से फूलों से ही रंग-गुलाल बनाया जा रहा है। गणेशा ग्लोबल कंपनी के माध्यम से इसकी मार्केटिंग हो रही है और सामान मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद से लेकर अन्य बड़े शहरों तक पहुंचाया जा रहा है। करीब 90 हजार किलो तक गुलाल तैयार हो रहे हैं। इसमें 30 लाख तक का लाभ अर्जित किया जा रहा है। सांकरा में स्थापित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के अन्तर्गत डोम एवं भोड 1 अप्रैल 2022 से यह समूह काम कर रहा है। गुलाल, समरानी कप, माता चुनरी, नंदी धेनु, रंगोली, हवन समीधा, सिंदूर, अश्टगंध, रोली, गुलाब जल, विभूति, कुमकुम, हवन लकड़ी, आलता पैकिंग, तेल आदि तैयार किए जा रहे हैं।





---

# श्रमिक बस्तियों के बच्चों को बांटी पठन सामग्री, एजुकेशन के लिए किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाईनगर के विधायक देवेंद्र यादव के जन्मदिन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 ने सेक्टर 6 की श्रमिक बस्ती में बच्चों को पठन सामग्री का वितरण किया। साथ ही मिठाई वितरित किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना के उद्देश्य से उन्हें प्रोत्साहित करना देवेंद्र यादव के जन्मदिन में एक सांकेतिक संदेश के रूप में हम मना रहे हैं। भिलाई में सर्वहारा वर्ग के लिए विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर शासकीय स्कूलों में शिक्षा स्तर को सुधार एवं अच्छे गुणवत्ता को रखने के लिए उद्देश्य से आत्मानंद स्कूलों को बनाया गया था। इस अवसर पर सभापति बंटी साहू, सौरभ दत्ता, साकेत चंद्राकर, सतीश सोनकर, गजेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

### सौरभ मिश्रा ने बनाया आकर्षक बलून



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-तीन के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में एक आकर्षक बलून तैयार किया गया। इस बलून में विधायक देवेंद्र की तस्वीर लगाई गई। इस बलून को हवा में छोड़ा गया। करीब 10 बाई 16 का यह बलून तैयार किया गया, जो 40 फीट ऊंचाई तक पहुंचा, जिसे पूरे शहर ने देखा। इस अवसर पर आशीष यादव, आशीष शुक्ला, हरीश सिंह, चेतन तिवारी, न्यू सिंह, निखिल चौबे सहित अन्य मौजूद थे।

# भिलाई के मूर्तिकार अंकुश देवांगन दिल्ली में सम्मानित




**भिलाई।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। कला और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी के वाईस चेयरमैन डॉ नंदलाल ठाकुर ने उन्हें सम्मानित किया। ज्ञात हो कि अंकुश देवांगन लगभग 35 वर्षों से बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को निशुल्क कला प्रशिक्षण देते आ रहे हैं ताकि वे हिंसा के रास्ते में न जाएं। जिससे हजारों बच्चों को लाभ मिला है।

---

## गर्ल्स कॉलेज में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन, लैंगिक समानता पर दिया गया व्याख्यान

### कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में फैकल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक एक्ट 1994 पर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि लैंगिक समानता समाज की अनिवार्य आवश्यकता है। इसके विकास के लिए भारत सरकार ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने, गिरते लिंगानुपात में सुधार करने और प्रसव पूर्व लिंग चयन निर्धारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए यह एक्ट लागू किया है। जिसके कारण लिंग का पता लगाना दण्डनीय अपराध है। यह अधिनियम 1994 में पारित हुआ, 2003 में संशोधित किया गया। 2011 में इसे और अधिक सख्त बनाया गया जिसका प्रभाव समाज पर पड़ा। जिसके कारण कन्या भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण पर रोक लगी। डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने अपने विषय शिक्षक लैंगिक समानता के लिए परिवर्तन के अग्रदूत पर व्याख्यान देते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। वे केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व सोच और मूल्यों को आकार देते हैं।

# शिक्षक समाज के निर्माता, वे केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व और मूल्यों को भी देते हैं आकार



### प्राध्यापकों ने विस्तार से रखे विचार

इस आयोजन में प्राध्यापकों ने विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने लैंगिक समानता और असमानता पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह बताने का प्रयास किया कि लैंगिक समानता समाज में क्यों जरूरी है। असमानता होने से किस तरह का नुकसान समाज को उठाना पड़ता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चांदनी अफसाना तथा आभार प्रदर्शन डॉ यशेश्वरी धुष ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक, कर्मचारी एवं पात्र उपस्थित थे। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में अलग-अलग विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही उनका



### लैंगिग समानता स्थापित करने में शिक्षक की भूमिका अहम

डॉ. श्रीवास्वत ने कहा कि इसलिए लैंगिक समानता स्थापित करने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिवर अपने व्यवहार, शिक्षण पद्धति दृष्टिकोण से बच्चों में समानता, न्याय और सम्मान की भावना विकसित करते है। वे लैंगिक भेदभाव की दीवारें तोड़ते हुए एक स्वस्थ समाज का विकास एवं निर्माण करते हैं। डॉ. मोनिया राकेश, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र ने लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में किसी भी व्यक्ति को चाहे पह किसी भी लिंग का हो समान, शिक्षा, रोजगार के अवसर और समान अधिकार प्राप्त होने चाहिए। हमारा संविधान भी इसे अनुमोदित करता है, लेकिन हमारी रुड़ियों के कारण यह मूल्य हमारे समाज में स्थापित नहीं हो पा रहे। इसे स्थापित करने के लिए हमें लैंगिक संवेदनशीलता को अपने व्यवहार में लागू करना आवश्यक है।

सिटी लाइव

## नागरिक सहकारी बैंक के कमल नारायण रुंगटा बने अध्यक्ष



**दुर्ग ।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के चुनाव में कमल नारायण रुंगटा लगातार पांचवी बार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष मनोज कुमार ताम्रकार और महिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीलू देवांगन बनाए गए है। इसके अलावा बैंक के छः प्रतिनिधि पद पर क्रमशः धनेन्द्र कांत चंदेल जिला सहकारी संघ मर्यादित दुर्ग, संजय कुमार जैन छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर, थानेश्वर सिंह ठाकुर छग शहरी सहकारी बैंक फेडरेशन मर्यादित रायपुर, गजेन्द्र कुमार जोशी नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स एण्ड केरडिट सोसायटी लिमिटेड दिल्ली, संदीप जैन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, संजय कुमार रुंगटा नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन दिल्ली निर्वाचित हुए हैं। शुक्रवार को बैंक के अध्यक्ष पद, दो उपाध्यक्ष पद और 6 प्रतिनिधि पद के चुनाव के लिए बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में शाम 4 बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरु हुई। नामांकन प्रक्रिया के निर्धारित समय तक सभी पदों पर उक्त प्रत्याशियों के अलावा किसी भी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किए जाने से अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और 6 प्रतिनिधि पद के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। रुंगटा पैनल ने 12 में 10 डायरेक्टर पद पर कब्जा करने में सफलता हासिल की थी। नवनिर्वाचित डायरेक्टर संजय सिंह, पवन कुमार जैन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, तेजबहादुर बंछोर, श्रीपाल कोठारी, अरविंद चंद सुराना, सुनीता अग्रवाल, राजेश यादव, वसुन्धरा चौरे, बैंक के सदस्य राजेश रुंगटा, नारायण शर्मा, दुष्यंत देवांगन के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे।

■ मनोज ताम्रकार व नीलू देवांगन उपाध्यक्ष निर्वाचित, 6 प्रतिनिधि पद पर भी रुंगटा पैनल की जीत

● 31 मई का लक्ष्य निर्धारित कर शुरू किया काम, महिलाओं की भागीदार रहेगी अहम

# 5606 स्टोरेज सेंटर की वजह से जिले का वॉटल लेवल 4.18 मीटर तक बढ़ा, एक बार फिर चलेगा जनआंदोलन

**दुर्ग।** भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए 31 मई तक जनआंदोलन चलाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत शुक्रवार को की गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे लेकर वर्चुअल बैठक में अधिकारियों को जानकारी दी। इस दौरान दुर्ग में महिला समूहों और मनरेगा मजदूरों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। अवगत कराया गया कि बारिश और निस्तारी का पानी सहेजने के लिए जिले में 5606 छोटे-बड़े स्टोरेज सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों के कारण ही जिले का भूजल स्तर औसतन 4.18 मीटर तक बढ़ गया है। पिछले कुछ सालों में यह सबसे ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि जल संरक्षण को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाएं। वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल मौजूद थे। इसके साथ ही जल संचय-जन भागीदारी 2.0 अभियान का आगाज किया गया। जानकारी दी गई कि महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के अन्तर्गत निर्मित मुख्य डोम एवं भोड में 1 अप्रैल 2022 से कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है, जिसमें लगभग 330 स्व सहायता की महिलाओं और पुरुषों को जोड़ा गया है।



### स्टोरेज सेंटरों की होगी जियो टैगिंग, सभी पंचायतों को मिलेगा वॉटर बजट, हर गांव में होगा एक जलमित्र

इस अभियान को लेकर जानकारी दी गई कि जल संरचनाओं की जियोटैगिंग की जाएगी। ग्राम पंचायतों के वॉटर बजट तथा जल सुरक्षा योजनाओं के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। युवाओं को जल मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि अभियान को गति मिल सके। सेमी-क्रिटिकल ब्लॉकों में 40 प्रतिशत तथा क्रिटिकल ब्लॉकों में 65 प्रतिशत जल संरक्षण कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कर्मभूमि से मातृभूमि के लिए जल संचयन में सहयोग को लेकर इस अभियान की शुरुआत की गई।




### जिले में 18,225 से ज्यादा वॉटर रिचार्ज सेंटर बनाए गए

जल संचय जन भागीदारी 2.0 अभियान के क्रियान्वयन दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि पहले चरण में 5606 जल संरचनाओं के निर्माण से भू-जल स्तर में औसतन 4.18 मीटर वृद्धि हुई। जल संचय जन भागीदारी 2.0" के अंतर्गत गंभीर जल संकट वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन मनरेगा, आरईएस, जल संसाधन विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के तकनीकी अमले द्वारा किया गया है। अब तक 18,225 रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। एकेच गोठ एकेच पानी, बूंद-बूंद बचाबो पानी, एक सोखता संतान के नाम और मोर गांव मोर पानी जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं।

### वॉटर लेवल बढ़ाने चलाया जाएगा अभियान

ग्रामीण के अलावा शहरी क्षेत्र में भी वॉटल लेवल बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए वॉटर हार्वेस्टिंग के अलावा छोटे-छोटे स्टोरेज सेंटर तैयार किए जाएंगे। तालाबों को सहेजा जाएगा। उनका संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। नियमित रूप से वॉटर लेवल की मॉनीटरिंग की जाएगी। ड्रा एरिया में फोकस वर्किंग की जाएगी। इसके लिए धमधा और पाटन के कुछ गांवों का चयन भी किया गया है, जहां युद्ध स्तर पर कार्य किए जाएंगे। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और कार्यों की सराहना भी की।

एजुकेशन इवेंट

## राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए दो स्वयं सेवकों का चयन




**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक हरीश कुमार साहू एवं स्वयंसेविका रागिनी साहू का चयन सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है, जो कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखंड) में 22 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान, प्रो. तरुण कुमार साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी, प्रो. सुदेश साहू, प्रो. राधिका साहू, डॉ. प्रदीप जांगड़े तथा प्रो. निखिल देशलहरा ने दोनों स्वयंसेवक, स्वयंसेविका को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर एनएसएस के माध्यम से सेवा, नेतृत्व और एकता के मूल्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। डॉ. मीना मान एवं प्रो. तरुण कुमार साहू ने भी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता शिविर युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता की भावना को सशक्त बनाता है। यह अनुभव उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों ने दोनों स्वयंसेवकों, स्वयंसेविका के उज्वल भविष्य व एनएसएस इकाई की निरंतर प्रगति की प्रशंसा की।

कर्मचारी नगरवासियों को सुविधा

## शिव मंदिर में बना सामुदायिक भवन मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया लोकार्पण



**दुर्ग।** वार्ड 16 कर्मचारी नगर दुर्ग स्थित शिव मंदिर प्रांगण के सामुदायिक भवन में नवनिर्मित कक्ष का शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने लोकार्पण किया। मंत्री गजेन्द्र यादव के विधायक निधि से 10 लाख की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष बनाया गया है, ताकी क्षेत्रवासियों को सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित और सुगम स्थान उपलब्ध कराना है। शिक्षा ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की विकसित हो रहे दुर्ग शहर में नागरिक सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। कर्मचारी नगर क्षेत्र में लंबे समय से सामुदायिक गतिविधियों के लिए अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस देखते हुए अतिरिक्त कक्ष के निर्माण से अब स्थानीय नागरिकों को विवाह, बैठक, धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। यह निर्माण कार्य न केवल अधोसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामाजिक समरसता और सामुदायिक एकता को भी सुदृढ़ करेगा। हमारी प्रतिबद्धता है कि दुर्ग शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो, जिससे नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्राप्त हो सके। गजेन्द्र यादव ने आगे कहा की शहर विकास के अंतर्गत सड़क, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सामुदायिक भवनों के उन्नयन तथा धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। नागरिकों की आवश्यकताओं और सुझावों के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि दुर्ग को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त शहर के रूप में विकसित किया जा सके। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, पार्षद खिलावन मटियारा, देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, उमेश यादव, महेश देवांगन, इंद्र गंधर्व, मौसमी ताम्रकार, सविता वर्मा एवं अंजू यादव मौजूद थे।

सामाजिक आमसभा में निर्णय

## केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के एमडी ठाकुर अध्यक्ष निर्वाचित



**दुर्ग ।** केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के चुनाव में मंगलदास ठाकुर (एमडी ठाकुर) अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए हैं। उपाध्यक्ष ध्रुव सिंह धुर्वे, महासचिव नीलकंठ गढे, सचिव जितेन्द्र धुरव, कोषाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, आडिटर रमाकांत और सलाहकार पद पर राजकुमार ठाकुर निर्वाचित हुए है।

यह निर्वाचन प्रक्रिया केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के कचना धुरवा देवालय सिविल लाईन दुर्ग में आयोजित विशेष आमसभा की बैठक में चुनाव अधिकारी ऋषि कुमार ध्रुव और डॉ. यशेश्वरी धुरव के मार्गदर्शन में पूरी की गई। आमसभा में केंद्रीय गोंड महासभा के अलावा महिला प्रभार एवं युवा प्रभार का विस्तार किया गया है। उपाध्यक्ष विकास मरकाम रायपुर, राजेन्द्र छेदावी कबीरधाम, संतराम नेताम अंबागढ़ चौकी मानपुर, प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर राजनांदगांव, कार्यालय सचिव पन्ना नेताम, महिला प्रभार अध्यक्ष चंद्रिका ठाकुर दुर्ग, महासचिव भानुप्रभा नेताम, सचिव यशेश्वरी ध्रुव, कोषाध्यक्ष भीषम नागेश नगरी धमतरी, युवा प्रभार अध्यक्ष दिलीप धुरव चरौदा भिलाई, महासचिव तुलसी ध्रुव भिलाई, कोषाध्यक्ष युवराज कुंजाम, दुर्ग जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर निपानी पाटन को मनोनित किया गया है।

बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया कि गोंड गोंडवाना महासभा बालोद, आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा ओढार बांध जिला राजनांदगांव एवं आदिवासी गोंड गोंडवाना जिला महासमुंद में संचालित पंजीयन क्रमांक 2855/10 संस्था से केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ का कोई संबंध नहीं होगा।

**आमसभा की बैठक में लाए गए प्रस्तावों पर लगी मुहर**

### नेकराम बने बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष



**भिलाई।** बौद्ध कल्याण समिति की पिछले दिनों सामान्य सभा बैठक हुई। इस दौरान समिति का चुनाव कराया गया। इसमें नेकराम रामटेके अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर दिग्विजय मेश्राम, उर्मिला मेश्राम, कोषाध्यक्ष राजकुमार रामटेके, सचिव जवींद्र सोनटके, संयुक्त सचिव चुनेश्वर गजभिए और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जयंत खोबरागड़े एवं लतीक रामटेके निर्वाचित हुए। नेकराम रामटेक ने समाज के लोगों से आव्हान किया है कि प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे बुद्ध भूमि कोसा नगर में सामूहिक वंदना की जाएगी। सभी इस कार्यक्रम में शामिल हों।

### साहित्यकार साहू की दो कृतियों का विमोचन आज



**दुर्ग।** वरिष्ठ साहित्यकार बीआर साहू की नवीन कृतियों पहाती के सुकवा और अब पलाश में अंगार कहां का विमोचन 21 फरवरी को आशीर्वाद भवन हनुमान मंदिर के पास पद्मनाभपुर दुर्ग में दोपहर 2:30 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चित्तरंजन कर होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद रवि श्रीवास्तव करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा व अध्यक्ष ज्येष्ठ नागरिक संघ दुर्ग सीएस पांडेय उपस्थित रहेंगे। आयोजक दुर्ग जिला हिंदी साहित्य समिति के सचिव राकेश गुप्ता रूसिया व महामंत्री हिंदी साहित्य भारतीय दुर्ग चंद्रकांत साहू ने यह जानकारी दी।

### शहर में एम्बुलेंस की निःशुल्क सुविधा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु एम्बुलेंस एवं स्वर्गरथ संचालित है। नागरिकों के मांग पत्र एवं मौखिक अनुरोध पर वाहन उपलब्ध कराया जाता है। जिससे उनके मुश्किल समय में निगम द्वारा निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराया जा सके। शहर के किसी भी परिवार में किसी सदस्य को अस्पताल पहुंचाने एवं किसी परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर उनके परिवार को निःशुल्क वाहन सेवाएं दी जा रही है।

भारती विश्वविद्यालय में साइबर अपराध जागरुकता पर कार्यशाला

## साइबर अपराध से बचने दिए सुझाव, अपराध के विभिन्न प्रकारों, उनके खतरों तथा उनसे बचाव की दी जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों, उनके खतरों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करना था। मुख्य वक्ता दुर्ग पुलिस के साइवर एक्सपर्ट डॉ. संकल्प राय ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। आम नागरिक और विद्यार्थी भी इसके शिकार हो रहे हैं। उन्होंने फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक लिंक, ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, पहचान की चोरी तथा साइबर बुलिंग जैसे अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### ओटीपी और बैंकिंग की जानकारी गोपनीय रखने की दी जानकारी

डॉ. राय ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिसमें किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने, अपना पासवर्ड किसी के साथ साझा न करने, ओटीपी और बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने तथा केवल सुरक्षित व विश्वसनीय वेबसाइट का उपयोग करने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ. आलोक भट्ट , डायरेक्टर डॉ. घनश्याम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. स्वाति पाण्डेय की अहम भूमिका रही।

### घर-घर जाकर किया सर्वे

विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए सामुदायिक भ्रमण व सर्वेक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षुओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और शैक्षणिक परिस्थितियों की जानकारी एकत्रित की, जिससे प्रशिक्षुओं को ग्रामीण परिवेश और शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों को समझने एवं आकलन करने का अवसर प्राप्त हुआ। उक्त उपक्रम में डॉ. मनोज मोर्या, डॉ. अखिलेश सेन, डॉ. प्रभा गिरी, डॉ. नीलम त्रेहन, डॉ. दुर्गा श्रीवास्तव, नीतू साहू ने विद्यार्थियो के साथ सहभागिता दी।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग भाजपा कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला आज



दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया है। यह आयोजन 21 फरवरी रविवार को सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय में है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि कार्यशाला में जिला स्तर पर 5 सदस्य टीम का गठन किया गया है। इसी तरह मंडलों पर भी टीम गठित की गई है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव सहित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडेय, वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला भाजपा पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, प्रकोष्ठ जिला संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, प्रकोष्ठ एवं मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी जिले में निवासरत रहेंगे।

### गौरव पथ स्थित गुमटियों का किया जाएगा आवंटन

दुर्ग। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गौरव पथ, पदमनाभपुर रोड, एल.आई.सी. ऑफिस के सामने स्थित रिक्त गुमटियों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदनों का विधिवत पंजीयन कर पात्रता परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निगम प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि आवंटन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नियमानुसार हो, जिससे पात्र आवेदकों को निष्पक्ष अवसर प्राप्त हो सके। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के पश्चात पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची तैयार कर नगर निगम कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 2 मार्च यदि किसी आवेदक को सूची के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो 19 फरवरी से 2 मार्च तक कार्यालयीन समय में लिखित रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी आपत्तियों का परीक्षण नियमानुसार किया जाएगा एवं अंतिम सूची प्रकाशन उपरांत गुमटियों का आवंटन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रशासन का प्रयास है कि पात्र हितग्राहियों को विधिसम्मत रूप से स्थान उपलब्ध कराया जाए, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण भी सुदृढ़ हो।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

### निर्वाचन को लेकर दलों की बैठक आज

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2026 की स्थिति में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 दिन शनिवार के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में 21 फरवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष दुर्ग में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों हेतु बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/सचिव को स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

# डामरीकरण में बरती लापरवाही तो ठेकेदार व अधिकारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏩ दुर्ग

शहर में इन दिनों गड्ढों वाली सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा नालियों का निर्माण, चेकर टाइल्स बिछाने से लेकर अन्य कार्य किए जा रहे हैं। शुक्रवार को महापौर अलका बाघमार वार्ड-48 स्थित पुलिस लाइन क्षेत्र पहुंची। उन्होंने डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

लापरवाही देखकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के 60 वार्डों में कहीं भी कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही सामने आती है, तो उस काम का सब इंजीनियर और कार्य एजेंसी सीधे तौर पर जिम्मेदार समझे जाएंगे। दोनों पर नियमतः कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। वे नियमित रूप से शहर में होने वाले कामों का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, लोकेश्वरी ठाकुर, ललिता ठाकुर, उप अभिंयता करण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर अलका बाघमार की दो टूक, कहा- वार्ड में काम के दौरान मिली शिकायत पर होगी जांच

### वार्डवासियों को मिलेगी बेहतर सड़क सुविधा

महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मोटाई एवं निर्धारित मापदंडों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर की मौजूदगी में वार्ड प्रभारी देव नारायण चंद्रकार ने स्वयं टेप लेकर सड़क निर्माण कार्य की नापजोख की। सड़क की चौड़ाई एवं डामर की परत की मोटाई का मौके पर परीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। महापौर ने कहा कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।



### कार्य के तकनीकी मानकों के परीक्षण की जिम्मेदारी इंजीनियरों की

महापौर ने अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही पूर्ण किया जाए। गुणवत्ता में कमी मिली तो होगी कार्रवाई,महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि सड़क डामरीकरण कार्य मजबूती और टिकाऊ गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आम नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री या मानक से कम मोटाई पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्य पूर्ण होने तक नियमित मॉनिटरिंग जारी रखने के निर्देश भी दिए गए।

## कृषि मंत्री रामविचार नेताम और शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

# साथी बाजार का काम शुरू, बनेंगे कोल्ड स्टोरेज दुकानों में 20% सस्ते दाम में मिलेंगे सामान

## 60 करोड़ की लागत से रुआबांधा में खुलेगा सेंटर, मिलेगी मॉल जैसी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏩ दुर्ग

प्रदेश का पहला साथी बाजार दुर्ग के रुआबांधा क्षेत्र में खुलेगा। करीब 60 करोड़ रुपए की लागत से पूरा इन्फ्रैस्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। जहां 200 से ज्यादा दुकानों और कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया जाएगा। इन दुकानों में बड़े शॉपिंग मॉल की तरह सारे सामान उपलब्ध होंगे, वे भी बाजार से 20 प्रतिशत कम दाम में। किसान सीधे अपना उत्पाद यहां लाकर बेच सकेंगे। बाजार हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी शासन स्तर पर की गई है। शुक्रवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम और शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने इसका भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर विशेष रूप से मौजूद थे। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह बाजार विकसित किया जा रहा है। इसमें कृषकों के स्व सहायता समूहों, एफपीओ को उनके उत्पाद सीधे उपभोक्ता को विक्रय करने हेतु अपना मंडी उपलब्ध होगा। कृषकों के स्व सहायता समूहों, एफपीओ को अपने उत्पादो का भण्डारण करने के लिये 5000 मीट्रिक टन का कोल्डस्टोरेज उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जितेन्द्र साहू, सुरेन्द्र कौशिक, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, बीज निगम के संचालक अजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



### शहतूत कोसा का प्रोडक्शन करने की भी तैयारी, हुआ अनुबंध

इस अवसर पर मंत्री नेताम की मौजूदगी में किसान कल्याण एवं कृषि के नवाचार हेतु चार एमओयू भी हुए। सेरीक्रॉफ्ट फाउण्डेशन रायपुर द्वारा शहतूत कोसा उत्पादन कर उत्पादित कोसा को खरीदने की व्यवस्था, कवरक्रॉफ्ट इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जोखिम को कवर करने के लिए सभी किसानों व जरूरतमंदों को बीमा सुरक्षा, स्वामी विवेकानंद टेक्नीकल युनिर्वसिटी द्वारा ग्रामीण प्रौद्योगिकी एवं इन्टरप्रेनरशीप कृषकों एवं उनके विद्यालयीन बच्चों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण उद्यम एवं विपणन हेतु मेंबरशीप देना तथा श्री बलराम कृषि को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा फसल परिवर्तन नेपियर घॉस उगाकर उपज की खरीददारी, पलारी विस्तारकरण हेतु कांफ्रेंस, बायोगैस एवं पैलेट निर्माण कर किसानों की आय में वृद्धि किया जाएगा।

### साथी बाजार में प्रोसेसिंग यूनिट भी रहेगी उपलब्ध

अधिकारियों ने बताया कि कृषकों के स्व सहायता समूहों, एफपीओ को अपने उत्पादों का प्रसंस्करण कराने के लिये प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किया जाएगा। कृषकों को उच्च गुणवत्ता एवं उचित मूल्य पर आदान सामग्री उपलब्ध कराने के लिये एग्रीमॉल स्थापित किया जाएगा। कृषकों को नवीन तकनीक की जानकारी एवं सलाह, किराये पर उपकरण तथा परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किया जायेगा। जिसका संचालन विश्वविद्यालय के स्नातकों द्वारा किया

### बूट मॉडल पर तैयार किया जाएगा साथी बाजार

प्रदेश एवं देश के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट को अपना विक्रय काउंटर खोलने के लिये स्थल बूट मॉडल पर उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रदेश एवं देश के प्रसिद्ध गेमिंग कंपनियों को अपना काउंटर खोलने के लिये स्थल बूट मॉडल पर उपलब्ध कराये जायेंगे। राज्य की शासकीय इकाईयों जैसे दुग्ध महासंघ, लघुवनोपज संघ, हस्तशिल्प विकास निगम इत्यादि को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा शॉपिंग मॉल की तर्ज पर कई बड़ी कंपनियों के शो रूम को भी नियमों के तहत जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

### कृषक प्रशिक्षण हॉल व छात्रावास का लोकार्पण

शुक्रवार को रुआबांधा स्थित कार्यालय क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत नवनिर्मित कृषक प्रशिक्षण हॉल एवं कृषक छात्रावास का लोकार्पण किया। नेताम ने कहा कि प्रशिक्षण हॉल एवं छात्रावास दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले किसानों के लिए सुविधाजनक होगा, जिससे वे आवासीय प्रशिक्षण लेकर नई तकनीकों को अपनाएंगे। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

# रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏩ दुर्ग

■ डीएवी मॉडल कॉलेज दुर्ग में रक्तदान शिविर का आयोजन

डीएवी मॉडल कॉलेज दुर्ग और आरोग्य ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव थे। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, एचआईवी, वीडीआरएल, मलेरिया आदि की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। कामनेश, रंजना, जनकलाल, सुभद्रा, धनंजय, राकेश, विकास, ईशांत, संदीप, पलाश, खेमराज एवं 24 छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने जांच के बाद रक्त दान किया। समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल द्वारा रक्तदान को प्रोत्साहित करने रक्त दान देने वाले छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को फ्री ईयरफोन व हेलमेट का वितरण किया। उन्होंने बताया कि रक्त दान से हम लोगों का जीवन बचा सकते है और अपना शारीर भी स्वस्थ रख सकते हैं। महाविद्यालय प्रतिवर्ष ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इस दौरान सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पा पाण्डेय, उषा साहू, एल शाने, मधु यादव, ज्योति सिंह, सिंपल शर्मा, प्रियंका मिश्रा, दामिनी साहू, हेमलता सेन सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# शिविर में 90 बीमित श्रमिकों की स्वास्थ्य की जांचकर दी गई दवाई



दुर्ग। कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम विभाग अंतर्गत पंजीकृत बीमित श्रमिकों के प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में मैत्री विद्या निकेतन, विद्यालय, रिसाली-भिलाई में कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें रिसाली मरौदा केन्द्र द्वारा श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया। बीमा चिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में 90 बीमित व्यक्ति श्रमिकों का स्वास्थ्य संबंधी जॉच कर औषधि का वितरण किया गया। शिविर में बीमारी से बचने के लिए जागरूक रहने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, श्रम विभाग रिसाली मरौदा केन्द्र प्रभारी बीमा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रीमती सूर्या वर्मा के नेतृत्व में स्टॉफ नर्स किरण, फॉर्मासिस्ट, अनुराधा बघेल, सहायक मो. तैयुब अंसारी, धनजंय वर्मा, हुमन की टीम ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूगता संबंधी जानकारी देने सेवाएं दी।

# दिव्यांग शिविर में 153 हितग्राही चिन्हांकित



दुर्ग। एनटीपीसी-सेल कम्पनी लिमिटेड के निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) योजना तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम सहायक उत्पादन केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 20 फरवरी को जनपद पंचायत के सभागार में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उप संचालक समाज कल्याण से मिली जानकारी अनुसार शिविर में 197 हितग्राही सम्मिलित हुए जिसका परीक्षण उपरान्त 153 पात्र हितग्राहियों को सामग्री के लिए चिन्हांकित किया गया है। उक्त चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर में सुश्री प्रिया साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग, लोमेश चन्द्राकर एवं गोकुल वर्मा, सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद एवं लोक कर्म प्रभारी, नगर पालिक निगम दुर्ग, हितेश देशमुख, विधायक प्रतिनिधि एवं एपी गौतम, उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर में सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ी, 8 एमवीए ट्रांसफार्मर से 8246 उपभोक्ता होंगे लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏩ दुर्ग

■ गर्मी के दिनों में लोगों को मिलेगी राहत



शहर की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत 33/11 केवी दुर्ग टाउन सब-स्टेशन में लगे 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को बदलकर 8 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।

मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन और अधीक्षण अभियंता जे. जगन्नाथ प्रसाद के निर्देशन में यह कार्य पूरा हुआ। अपग्रेडेशन के बाद दुर्ग टाउन उपकेंद्र की कुल क्षमता 15 एमवीए से बढ़कर 18 एमवीए हो गई है। इस परियोजना पर 89.79 लाख रुपये की लागत आई है। क्षमता वृद्धि का सीधा लाभ इंदिरा मार्केट, खंडेलवाल कॉलोनी, तकिया पारा, मिलपारा और डीपरा पारा जैसे घनी आबादी वाले इलाकों के करीब 8246 उपभोक्ताओं को मिलेगा। गर्मी के मौसम में बढ़ते लोड को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिले और घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध बिजली मिल सके। सफल चार्जिंग और ऊर्जीकरण के दौरान कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र भारती, दुर्गेश नंदिनी देवांगन, आर.के. दानी सहित सहायक और कनिष्ठ अभियंता तथा तकनीकी कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारियों का कहना है कि यह क्षमता वृद्धि न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य में बढ़ते विद्युत भार को संतुलित करने में भी मददगार साबित होगी।

### गैर संकार्य कार्मिक भी सम्मानित

भिलाई। गैर संकार्य विभाग के कार्मिकों को भी कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिखा दीक्षित, एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट विजय कुमार माहूरकर, सेक्शन एसोसिएट, सिंदा सिंह, सेक्शन एसोसिएट रिजवाना हुसैन, सेक्शन आफिसर आलोक ताम्रकार, इंजीनियरिंग एसोसिएट वाईव्ही एस एस शर्मा, विनोद कुमार जैन, मनराखन सिंह वर्मा, जूनियर इंजीनियर किरण साधू, सेक्शन आफिसरको कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। अतिथियों ने विजेताओं को उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, अमूल्य प्रियदर्शी, नीरज वारनर आदि अधिकारी उपस्थित थे।



## कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर कार्रवाई

# अतिक्रमण हटाया, दुर्ग निगम की त्वरित कार्रवाई से मार्ग हुआ मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत जे.आर.डी. स्कूल के समीप सड़क पर कम्पनी मारुति सुजुकी द्वारा अवैध रूप से टेंट लगाकर आवागमन बाधित किए जाने का मामला सामने आया। गुरूवार सुबह कार्यालय जाते समय कलेक्टर अभिजीत सिंह की नजर इस अतिक्रमण पर पड़ी, जिस पर उन्होंने तत्काल नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम की अतिक्रमण टीम मौके पर पहुँची और त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे लगाए गए टेंट, ढांचा एवं अन्य सामग्री को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान मार्ग को पूर्णतः अवरोध मुक्त कराया गया, जिससे आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा पुनः उपलब्ध हो सकी। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक सड़कों और मार्गों पर बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। निगम ने नागरिकों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें तथा यातायात व्यवस्था में बाधा न उत्पन्न करें।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एस.के. राठौर आ.डी.सी. राठौर, निवासी- बोरसी, दुर्ग के नाम व स्वामित्व में प.ह.न. 19, कोहका, रा.नि.म.कोहका के खसरा नं. 7340/1 रकबा 2400 वर्गफीट भूमि स्थित है, जिसे पंजीकृत बयनामा दिनांक 13/10/2022 के माध्यम से मेरे पक्षकार एस. के. राठौर द्वारा क्रय किया गया तत्पश्चात् राजस्व अभिलेखों में प्रमाणीकरण पश्चात् उसका नाम दर्ज कर लिया गया है उक्त भूमि का मेरा पक्षकार बाउण्ड्रीवॉल निर्मित कर कब्जे में है। कि समीपस्थ भूस्वामी कस्तुरी बाई आ. बाबुलाल निवासी- सेक्टर-7, सड़क नं. 38, क्वार्टर नं. 5/बी,भिलाई द्वारा स्वयं के स्वामित्व की 7342 रकबा 0.07 हेक्टे. का सीमांकन कराते समय मेरे पक्षकार की भूमि 7340/1 को अपना होना बता कर विधि विरूद्ध सीमांकन करा लिया गया है, फलतः दोनों के मध्य विवाद उत्पन्न हो गया है मेरे पक्षकार द्वारा कस्तुरी बाई द्वारा कराये गये सीमांकन को राजस्व न्यायालय संभाग आयुक्त न्यायालय में चुनौती दी गई है जिसका अपील प्रकरण क्रमांक 202306980100012/424 अ-23, वर्ष 2022-23 है जो वर्तमान में विचाराधीन है, मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि, कस्तुरी बाई द्वारा ग्राम कोहका स्थित उक्त खसरा नं. 7340/1 एवं 7342 के सीमांकन को लेकर हुये विवाद के बावजुद मेरे पक्षकार की भूमि 7340/1 को विवादित सीमांकन के आधार पर अपना होना बताकर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अतएव इस सूचना द्वारा सर्वसाधारण शासकीय अशासकीय संस्थान बैंक को सूचित किया जाता है कि, न्यायालय में लंबित विवाद के अंतिम निराकरण के पूर्व उक्त भूमि का सौदा रहन, बंधक आदि से विरत् रहे। अन्यथा पश्चात् विवाद के उत्पन्न होने पर संबंधित पक्षकार स्वयं जिम्मेदार रहेंगे

भवदीय
आशीष शुक्ला (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.) पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी दुर्ग, जिला दुर्ग (छग.) मो.नं. - 9425559832

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NISHANT PARWEEN W/O LATE SYED AKIL AHMAD resident of Tulip 45, Chouhan Green Valley, Junwani Road, Smriti Nagar, Bhilai, Dist-DURG (CHHATTISGARH) have Changed my old name NISHANT PARWEEN W/O LATE SYED AKIL AHMAD, so in the future I should be recognized by my new name that is NISHAT PARWEEN W/O LATE SYED AKIL AHMAD in all Government & other documents.

NISHAT PARWEEN
Tulip 45, Chouhan Green Valley, Junwani Road, Smriti Nagar, Bhilai, Dist-DURG (CHHATTISGARH)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी

## को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...












# Admission Open

# भिलाई-दुर्ग के स्कूलों में एडमिशन सीजन शुरू: कैसे करें सही स्कूल का चयन?

भिलाई और दुर्ग शहर में नए शैक्षणिक सत्र की आहट के साथ निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर हलचल तेज हो गई है। शहर के प्रतिष्ठित अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूलों ने एडमिशन प्लानिंग शुरू कर दी है। नर्सरी से लेकर 11वीं कक्षा तक दाखिले के लिए अभिभावकों में उत्सुकता और प्रतिस्पर्धा दोनों देखने को मिल रही है। ऐसे में समय पर जानकारी और सही तैयारी बेहद जरूरी है।

- Heritage International Public school
- Little Mindz Pre School & Daycare
- Daksh Stepping Stones
- VRT Academy
- Ideal Public School
- Rajiv Lochan Public School
- Suman Public School



## एडमिशन सीजनः क्यों है खास?

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने वाली है, लेकिन इस बार सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती मांग के कारण प्रतिस्पर्धा अधिक रहने की संभावना है। विशेषकर नर्सरी और केजी कक्षाओं में सीटें जल्दी भर जाती हैं। कई स्कूलों ने डिजिटल प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दी है। वहीं कुछ संस्थान पारंपरिक ऑफलाइन फॉर्म भी उपलब्ध करा रहे हैं।

### नर्सरी और केजी में सबसे अधिक मांग

प्रारंभिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयु सीमा तय रहती है। **सामान्यतः नर्सरीः** न्यूनतम आयु 3 वर्ष, केजीः न्यूनतम आयु 4 वर्ष

इन कक्षाओं में बच्चों का छोटा इंटरैक्शन सत्र और अभिभावकों के साथ बातचीत भी की जाती है। इसका उद्देश्य बच्चे की बुनियादी समझ और पारिवारिक सहयोग का आकलन करना होता है।

### प्रवेश के लिए पहले से रखें तैयारी

निजी स्कूलों में दाखिले के समय निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होती हैः

जन्म प्रमाण पत्र
आधार कार्ड (बच्चे व अभिभावक)
निवास प्रमाण पत्र
पासपोर्ट साइज फोटो
पिछली कक्षा की मार्कशीट (यदि लागू हो)
ट्रांसफर सर्टिफिकेट

विशेषज्ञों की सलाह है कि दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ मूल प्रमाण भी तैयार रखें।

### उच्च कक्षाओं में मेरिट और स्ट्रीम चयन

9वीं और 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए कई स्कूल मेरिट सूची जारी करते हैं। 11वीं में विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय की सीटें सीमित होने से छात्रों को अपने अंक और रुचि के अनुसार समय पर आवेदन करना चाहिए।

### सही स्कूल चयन के लिए ध्यान रखें ये बातें

स्कूल का रिजल्ट रिकॉर्ड
शिक्षक-छात्र अनुपात
सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी
खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की उपलब्धता
अभिभावक-शिक्षक संवाद व्यवस्था

### समय पर निर्णय ही सफलता की कुंजी

भिलाई-दुर्ग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निजी स्कूलों में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अभिभावकों को जल्दबाजी के बजाय समझदारी से निर्णय लेना चाहिए। सही जानकारी, समय पर आवेदन और सोच-समझकर किया गया चयन ही बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बन सकता है। नया शैक्षणिक सत्र केवल एक नई कक्षा की शुरुआत नहीं, बल्कि सपनों को आकार देने की दिशा में पहला कदम है।

LITTLE MINDZ PRE SCHOOL & DAYCARE
Play Group Nursery
Jr. KG | Sr. KG | Daycare
Admission Open
➜ 50% Off on Admission fees
➜ Free Kids Settlers Program
Age- 2-6 Years
Enroll Now
Why Choose us?
• Activity Based Learning. • A Home Away from Home.
• Strong Academic Foundation
• Focuses on learning through play. 98931-05066
Next to Gupta Furniture Mall, Near, Rajendra Park Chowk, G.E. Road, Durg-491001

DAKSH STEPPING STONES
a step towards capability
ADMISSION + OPEN
SCHOOL FOR PLAY GROUP, NURSERY, KG-I & KG-II
AFTER SCHOOL PROGRAM FOR ALL
FACILITY
• CCTV Camera Vigilance
• Centrally Air Cooled Classes.
• Well Equipped Classroom.
• Confidence Building Activities.
अपने बच्चों को दे शिक्षा की एक शानदार शुरूआत
Rinku Bhatia (DIRECTOR)
MIG-51, VAISHALI NAGAR, BHILAI (C.G.)
9981020005

VRT ACADEMY
VANI REAL TALENT ACADEMY
Panchsheel Nagar, Naya Para Durg (CG)
Nursery to 10th
ADMISSION OPEN
• Child Friendly Environment
• Affordable Fees Structure
• Activity & Worksheet Based Curriculum
• Trained & Experienced Teachers
www.vrtacademy.com

Admission Open Nursery to Class 8th
ENGLISH MEDIUM C.G. BOARD
Our school provide quality education in ENGLISH MEDIUM with all modern amenities and values at a cost affordable by all sections of society.
हमारे स्कूल में हर वर्ग की पहुंच के भीतर इंग्लिश मीडियम में सभी सुविधाओं के साथ उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की पूर्ण व्यवस्था है।
IDEAL PUBLIC SCHOOL
आइडियल पब्लिक स्कूल
DISE CODE : 22100726228, D.E.O. Durg/ 102/205/17
An Institution of Al- Ameen Education Society, Durg
Street No. 3, Kohka Housing Board, Vivekanand Nagar, Bhilai
Contact : 78285-21866, 75873-66305, Off. No. : 9424109901

सुमन पब्लिक स्कूल
प्रवेश प्रारंभ
के.जी.-1 से क्लास 8वीं तक
बजरंग नगर चौक, नया पारा, दुर्ग
संपर्क : 98264-44461

हमारा उद्देश्य न्यूनतम शुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
प्रवेश प्रारंभ
राजीव लोचन पब्लिक स्कूल
बासिन चौक खेदामारा जिला दुर्ग(छ.ग.)
नोट-25% आर.टी.ई.के तहत बच्चों का निःशुल्क एडमिशन
शैक्षणिक सत्र 2025-26
नर्सरी से पांचवी तक
आपके योग्य सुझावों का हम हृदय से स्वागत करते हैं
विशेषताएं :-
1. नर्सरी से पांचवी तक शिक्षण की व्यवस्था !
2. कक्षानुसार कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध !
3. हर माह सभी विषयों की परीक्षा
4. प्रति 20 छात्रों पर एक शिक्षक/शिक्षिका
5. कमजोर छात्र-छात्राओं के लिये एक घंटा निःशुल्क ट्यूशन क्लास !
6. वाहन एवं आया की पर्याप्त व्यवस्था है !
7. बच्चों के बैठने हेतु सुंदर एवं पर्याप्त फर्नीचर !
8. खेलकूद का मैदान की सुविधा !
कार्यालय
फोन नं.- 62677-06464, 97132-55577

HERITAGE INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN 2026-27
Nursery to IX & XI
(Science, Humanities & Commerce)
CBSE Aff No: 3330198
NOW OPEN FOR REGISTRATION!
Why Choose Us?
• International Exposure
• Academic Excellence Guaranteed (100% Board Results)
• World Class Sports Arena
• Smart Classrooms with AI Interactive Panels
ENROLL TODAY
+91 7566660470/75
www.heritageschools.org